**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2402**

**जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2023 को दिया जाना है।**

**.....**

**तटबंधों की मरम्मत**

**2402. डॉ. ए. चेल्लाकुमारः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से तटबंधों की मरम्मत के लिए आबंटित और संस्वीकृत निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से वर्ष-वार कितने किलोमीटर नए तटबंधों का निर्माण किया गया है; और

(ग) त्रिपुरा में मनु और हावड़ा नदियों के लिए ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा तैयार की जा रही मास्टर प्लान की स्थिति क्या है और इसकी अधिसूचना की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)**

**(क) और (ख):** कटाव नियंत्रण सहित बाढ़ प्रबंधन का कार्य राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आता है। बाढ़ प्रबंधन और कटावरोधी परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों द्वारा उनकी प्राथमिकता के अनुसार अपने संसाधनों से तैयार और कार्यान्वित की जाती हैं। केन्द्र सरकार गंभीर क्षेत्रों में बाढ़ के प्रबंधन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और संवर्धनात्मक वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है।

बाढ़ प्रबंधन के संरचनात्मक उपायों को सुदृढ़ करने के लिए मंत्रालय द्वारा बाढ़ नियंत्रण, कटाव रोधी, जल निकासी विकास, समुद्र कटाव रोधी आदि से संबंधित कार्यों के लिए राज्यों को केन्द्रीय सहायता प्रदान करने हेतु 11वीं और 12वीं योजना के दौरान एक बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) कार्यान्वित किया गया था। जो बाद में 2017-18 से 2020-21 की अवधि के लिए बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के एक घटक के रूप में जारी रहा और आगे सीमित परिव्यय के साथ इसे सितंबर 2022 तक बढ़ाया गया। एफएमबीए योजना के अंतर्गत तटबंधों की मरम्मत और रखरखाव के लिए कोई केन्द्रीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है। तथापि, एफएमबीएपी स्कीम के अंतर्गत तटबंधों को ऊंचा उठाने और सुदृढ़ करने संबंधी परियोजनाओं के वित्तपोषण पर विचार किया जाता है। नए तटबंधों के निर्माण संबंधी आंकडे केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

वर्ष 2014 से एफएमबीएपी स्कीम के अंतर्गत विभिन्न बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं के लिए जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(ग):** त्रिपुरा की मनु नदी और हावड़ा नदी के मास्टर प्लान ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा तैयार किए गए थे और 2004 में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किए गए थे। ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा इस मास्टर प्लान को आवधिक रूप से अद्यतन करने का कार्य किया जाता है। ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा मार्च 2022 में हावड़ा नदी के मास्टर प्लान को अद्यतन करने का कार्य शुरू किया गया है।

****

**अनुलग्नक**

**"तटबंधों की मरम्मत" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 03.08.2023 को उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2402 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**एफएमबीएपी के तहत कवर की गई परियोजनाओं के लिए वित्त वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक जारी केंद्रीय सहायता**

**(राशि करोड़ रूपए में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | - | 47.39 | 23.69 | 21.18 | - | - | - | - | - | **92.26** |
| 2 | असम | 15.25 | 47.14 | 0.00 | 245.49 | 142.12 | 85.03 | | 14.80 | 248.65 | **798.48** |
| 3 | बिहार | 76.19 | 64.51 | 0.00 | 52.57 | 132.28 | 65.29 | 42.49 | | 88.96 | **522.30** |
| 4 | हिमाचल प्रदेश | 115.20 | 27.00 | 50.00 | 87.50 | 162.60 | 176.41 | 11.87 | 6.35 | - | **636.93** |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | 15.16 | 46.58 | 40.56 | 119.18 | 55.03 | 97.06 | 10.14 | 116.79 | - | **500.50** |
| 6 | केरल | 55.22 | - | - | 19.05 | - | - | - | - | - | **74.27** |
| 7 | मणिपुर | 6.45 | - | - | | | | | 52.38 | 76.63 | **135.46** |
| 8 | मिजोरम | 1.46 | 0.47 | 0.00 | 0.48 | - | - | - | - | - | **2.41** |
| 9 | नागालैंड | 13.08 | 2.51 | 23.13 | - | 10.84 | - | - | - | - | **49.56** |
| 10 | ओडिशा | - | - | - | - | - | - | 15.79 | 2.51 | - | **18.30** |
| 11 | पुद्दुचेरी | 13.26 | - | - | - | - | - | - | | - | **13.26** |
| 12 | पंजाब | - | - | - | 7.47 | - | - | - | 3.74 | - | **11.21** |
| 13 | सिक्किम | - | 5.72 | - | - | - | - | - | - | - | **5.72** |
| 14 | त्रिपुरा | - | 14.02 | - | - | - | - | - | - | - | **14.02** |
| 15 | उत्तर प्रदेश | 21.83 | 40.14 | - | 103.98 | 87.87 | 39.15 | - | - | - | **292.97** |
| 16 | उत्तराखंड | 43.82 | 57.02 | - | -- | 4.63 | 35.58 | - | 2.77 | - | **143.83** |
| 17 | पश्चिम बंगाल | 7.84 | 29.69 | 12.61 | 65.03 | 89.31 | 117.12 | - | 44.15 | - | **365.75** |
| | **कुल** | **384.76** | **382.20** | **149.99** | **721.92** | **684.69** | **615.63** | **80.29** | **243.49** | **414.24** | **3677.23** |

******